बरेली, मंगलवार
4 अप्रैल, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

**Page No. 03 : Top**

**क्रिकेट टूर्नामेंट :** श्री राम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी टूर्नामेंट में दो मुकाबले सुबह नौ बजे।

**Page No. 06 : Middle**

## यूपीसीए के लिए अंडर-16 ट्रायल छह अप्रैल को

बरेली : उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में चयन के लिए अंडर-16 खिलाड़ियों का ट्रायल एसआरएमएस मैदान में छह अप्रैल से शुरू होगा। इसकी जिम्मेदारी बरेली क्रिकेट एसोसिएशन को दी गई है। बीसीए के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि ट्रायल में जिले के पंजीकृत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। ओपी कोहली ने बताया कि सुबह नौ बजे से ट्रायल शुरू होगा। बरेली जिले की टीम का निर्धारण इसी ट्रायल के बाद हो सकेगा। जासं

## एसआरएमएस ने गंगाशील को 96 रन से हराया

**जागरण संवाददाता, बरेली :** श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। एसआरएमएस एकेडमी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 96 रनों से मैच अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से आलराउंड प्रदर्शन करने वाले हर्ष राणा को मैन आफ द मैच चुना गया। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे टूर्नामेंट में सोमवार को गंगाशील क्रिकेट एकेडमी ने टास जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। एसआरएमएस एकेडमी के ओपनर हर्ष राणा और यूसुफ अंसारी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 45 रन की साझेदारी की। टीम के दो विकेट गिरने के बाद नितेश भारद्वाज ने हर्ष के साथ तेजी से रन बनाए। टीम ने पूरे 20 ओवर खेलते हुए कुल सात विकेट के नुकसान पर 178 का स्कोर बनाया। 179 रनों का पीछा करने उतरी गंगाशील की टीम शुरूआत से ही कमजोर रही और अंत में 19.3 ओवर में सिर्फ 82 रन ही बना पाई। इस प्रकार एसआरएमएस ने 96 रन से मैच जीत लिया।